महान शिक्षाविद डॉ. हरिसिंह गौर की 157वीं जयंती धूमधाम से मनाई गई







नईदुनिया प्रतिनिधि, सागर। सागर विश्वविद्यालय के संस्थापक, महान शिक्षाविद, प्रख्यात विधिवेत्ता, दानवीर एवं समाज सुधारक परम श्रद्धेय डॉ. हरिसिंह गौर जी की 157वीं जयंती का पावन अवसर पूरे सागर शहर में अत्यंत गरिमा, उत्साह और श्रद्धा के साथ मनाया गया। गौर जयंती के इस शुभ अवसर पर नगर के मुख्य केंद्र तीन बत्ती स्थित डॉ. गौर की प्रतिमा स्थल से लेकर डॉ. हरिसिंह गौर केंद्रीय विश्वविद्यालय परिसर तक अनेक गरिमामय कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। जनप्रतिनिधियों, विश्वविद्यालय प्रशासन, प्रशासनिक अधिकारियों और शहर के गणमान्य नागरिकों ने डॉ. गौर को नमन कर उनके द्वारा शिक्षा और समाज उत्थान के क्षेत्र में दिए गए अमूल्य योगदान का भावपूर्ण स्मरण किया।

जयंती के अवसर पर प्रदेश के कैबिनेट मंत्री गोविंद सिंह राजपूत ने सागर के हृदय स्थल तीन बत्ती पहुंचकर डॉ. हरिसिंह गौर जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धासुमन अर्पित किए। इस अवसर पर मंत्री राजपूत ने कहा कि डॉ. हरिसिंह गौर जी का जीवन हम सभी के लिए प्रेरणा का स्रोत है। उन्होंने अपनी गाढ़ी कमाई से विश्वविद्यालय की स्थापना कर बुंदेलखंड जैसे अंचल को शिक्षा का महातीर्थ बनाया। डॉ. गौर के विचार और उनके कर्म हम सभी को सदैव कर्तव्यनिष्ठ, जनसेवा के प्रति समर्पित और समाज निर्माण में योगदान देने के लिए मार्गदर्शित करते रहेंगे।

विश्वविद्यालय में आयोजित मुख्य समारोह में सहभागिता: तीन बत्ती पर पुष्पांजलि अर्पित करने के पश्चात कैबिनेट मंत्री गोविंद सिंह राजपूत ने डॉ. हरिसिंह गौर विश्वविद्यालय परिसर में आयोजित मुख्य जयंती समारोह में सहभागिता की। उन्होंने डॉ. गौर के चित्र के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर उन्हें सादर नमन किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने कहा कि डॉ. गौर केवल एक शिक्षाविद नहीं थे, बल्कि वे देश के संविधान निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले दूरदर्शी चिंतक थे। शिक्षा के क्षेत्र में उनके द्वारा स्थापित आदर्श और समाज के अंतिम व्यक्ति तक शिक्षा की रोशनी पहुंचाने का उनका आजीवन संकल्प सदैव अमर रहेगा।

महापौर, विधायक और अधिकारी रहे मौजूद : गौर जयंती के पावन अवसर पर महापौर श्रीमती संगीता सुशील तिवारी ने भी तीन बत्ती स्थित डॉ. गौर प्रतिमा पर पुष्पमाला अर्पित कर उन्हें नमन किया। महापौर ने अपने संदेश में कहा कि डॉ. गौर जी का त्याग और समर्पण आने वाली पीढ़ियों को ज्ञान, सेवा और राष्ट्र निर्माण के पथ पर आगे बढ़ने की प्रेरणा देता रहेगा। वहीं, कलेक्टर श्री दिलीप कुमार यादव ने भी प्रतिमा स्थल पहुंचकर माल्यार्पण किया और डॉ. गौर के अतुलनीय योगदान को याद किया।

कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. नागेश दुबे, जीवाजी विश्वविद्यालय ग्वालियर के कुलपति प्रो. दिवाकर सिंह राजपूत, सागर विधायक श्री शैलेन्द्र जैन, भाजपा जिलाध्यक्ष श्री श्याम तिवारी, नगर निगम अध्यक्ष श्री वृंदावन अहीरवार विशेष रूप से उपस्थित रहे।

गौर जयंती उत्सव की पूर्व संध्या पर भी शहर में खासा उत्साह देखा गया। तीन बत्ती स्थित डॉ. गौर प्रतिमा के समक्ष भव्य दीप प्रज्ज्वलन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. नागेश दुबे, जीवाजी विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. दिवाकर सिंह राजपूत, गौर उत्सव समन्वयक प्रो. उमेश पाटिल, प्रो. संजय कुमार जैन, प्रो. वंदना सोनी, प्रो. राजेंद्र यादव, डॉ. ललित मोहन, डॉ. राजू टंडन सहित विश्वविद्यालय परिवार के अनेक प्राध्यापक, अधिकारी, शोधार्थी, छात्र-छात्राएं एवं शहर के नागरिक बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। दीप प्रज्ज्वलन के साथ पूरा तीन बत्ती परिसर डॉ. गौर के जयकारों से गुंजायमान हो उठा।

युगों-युगों तक प्रेरणा देता रहेगा डॉ. गौर का जीवन: समारोह के समापन पर उपस्थित सभी अतिथियों और नागरिकों ने डॉ. हरिसिंह गौर जी के सपनों के सागर और सशक्त भारत के निर्माण का संकल्प लिया। वक्ताओं ने रेखांकित किया कि मध्य भारत में शिक्षा की नींव रखकर डॉ. गौर ने लाखों युवाओं का भविष्य संवारा है। उनका प्रेरणादायी जीवन, दानवीरता और दूरदर्शी सोच आने वाले युगों तक देश और समाज का मार्गदर्शन करती रहेगी।

खास-खबरें

राजनीति को अलविदा कहने का एलान! पूर्व मंत्री गोपाल भार्गव का बड़ा दांव, सियासी गलियारों में हलचल



सागर : मध्य प्रदेश की सियासत के सबसे वरिष्ठ और अजेय योद्धा माने जाने वाले पूर्व मंत्री व रहली विधायक गोपाल भार्गव ने एक ऐसा बयान दिया है, जिसने सूबे के राजनीतिक तापमान को अचानक बढ़ा दिया है। भार्गव ने सैकड़ों ग्रामीणों और मीडिया के कैमरों के सामने खुले मंच से अपने राजनीतिक संन्यास का ऐलान कर दिया—लेकिन एक बड़ी और भावुक शर्त के साथ। अपने गृह विधानसभा क्षेत्र रहली के बलेह में आयोजित एक लोकार्पण समारोह को संबोधित करते हुए भार्गव ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि जिस दिन उनके क्षेत्र की अधूरी पड़ी %कोपरा मध्यम सिंचाई परियोजना% का कार्य पूर्ण हो जाएगा, उसी दिन वे सक्रिय राजनीति से संन्यास ले लेंगे। भार्गव के इस बयान को सियासत में मास्टरस्ट्रोक के रूप में देखा जा रहा है। इसके जरिए उन्होंने जहां एक ओर अपने क्षेत्र के किसानों के प्रति अपनी अटूट प्रतिबद्धता और विकास की जिद को रेखांकित किया है, वहीं दूसरी ओर शासन-प्रशासन पर इस लंबित परियोजना को जल्द से जल्द पूरा करने का नैतिक दबाव भी बना दिया है। मध्य प्रदेश की राजनीति के इस दिग्गज नेता के सार्वजनिक संकल्प ने न केवल बुंदेलखंड बल्कि पूरे प्रदेश में नई बहस छेड़ दी है। सियासी जानकार इसे एक भावुक जनप्रतिनिधि के संकल्प के साथ-साथ आगामी राजनीतिक समीकरणों के नए संकेत के रूप में भी देख रहे हैं।

नशा मुक्ति जागरूकता अभियान तेज, तीन विकासखंडों में शपथ और रैली का आयोजन

सागर : नशा मुक्ति जागरूकता अभियान के तहत जिले के खुरई, राहतगढ़ और बंडा विकासखंड में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए। खुरई विकासखंड में नवांकुर संस्था ग्राम सिमरिया सेवा समिति ग्राम बनहट के सदस्यों को परामर्शदाता द्वारा नशा मुक्ति की शपथ दिलाई गई। राहतगढ़ विकासखंड में मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद की नवांकुर संस्था जन जागृति ग्रामीण विकास समिति बसिया भान्सा द्वारा नरयावली सेक्टर के ग्राम इकपना बसोना में नशा मुक्ति जन जागरूकता अभियान के तहत बैठक आयोजित की गई, जिसमें मुख्यमंत्री सामुदायिक नेतृत्व क्षमता विकास पाठ्यक्रम के परामर्शदाता एवं नवांकुर संस्था के प्रतिनिधियों की सहभागिता रही और उपस्थित लोगों को नशा मुक्ति की शपथ दिलाई गई। वहीं बंडा विकासखंड के ग्राम भड़राना में साप्ताहिक हाट बाजार में नशा मुक्ति जागरूकता रैली आयोजित की गई। रैली में नशा से दूरी है बहुत जरूरी नारे के माध्यम से लोगों को जागरूक किया गया। रैली बिजली ऑफिस से बस स्टैंड होते हुए वन विभाग की चौकी तक निकाली गई।

अंतरराष्ट्रीय स्तर पर ख्याति प्राप्त करें: राजपूत

नईदुनिया प्रतिनिधि, सागर। अनुशासन, दृढ़ संकल्प हमेशा ऊंचाइयों तक ले जाता है । उक्त विचार सांसद लता वानखेड़े ने 70वीं राष्ट्रीय स्कूल बैडमिंटन प्रतियोगिता के रंगारंग शुभारम अवसर पर खेल परिसर में व्यक्त किए। सांसद लता वानखेड़े ने कहा कि भी खेल उद्देश्य के साथ खेला जाए तो उसमें सफलता अवश्य मिलती हैं। इसलिए आप सभी उद्देश्य, अनुशासन एवं दृढ़ संकल्प के साथ खेले और ख्याति प्राप्त करें। उन्होंने कहा कि खेल में कोई व्यक्ति जीतता है तो कोई हारता है। हारने पर हमें निराश नहीं होना है बल्कि कड़ी मेहनत कर जीत हासिल करनी है। उन्होंने कहा कि आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में खेलों के लिए प्रोत्साहन मिल रहा है और भारत के खिलाड़ी अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भारत का नाम रोशन कर रहे हैं। उन्होंने कहा की दृढ़ संकल्प, अनुशासन से खेलने वाला व्यक्ति कभी भी असफल नहीं होता इसलिए पूरे अनुशासन से खेल खेलें और अपना, अपने



माता पिता, राज्य एवं देश का नाम रोशन करें विधायक श्री शैलेंद्र जैन ने कहा कि खेल से शारीरिक विकास होता है और खेल के साथ पढ़ाई भी आवश्यक है। खेल पढ़ाई दोनों यदि आप करेंगे तो अवश्य ही ऊंचाइयों पर पहुंचेंगे। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री के द्वारा खेल की बजट को बढ़ाया जा रहा है और खेल को प्रोत्साहन दिया जा रहा है

जिला पंचायत अध्यक्ष हीरा सिंह राजपूत ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में आज पूरा देश विकास कर रहा है। आज आप सभी को देख ऐसा प्रतीत हो रहा है कि सागर में पूरा देश उतर आया हो। उन्होंने कहा कि आप सभी यादों को लेकर जाएं। इस प्रतियोगिता को जीते और अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिता में अपने राज्य का नाम रोशन करें। राजपूत ने कहा कि छात्राओं द्वारा जो सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए उससे पूरे देश की संस्कृति के दर्शन सागर में ही हो गए। श्याम तिवारी ने कहा कि डॉ. हरि सिंह गौर की जन्मभूमि पर आप सभी का स्वागत अभिनंदन है। पूरी निष्ठा एवं ताकत से खेलने वाला व्यक्ति हमेशा विजय श्री को प्राप्त करता है। आप सभी अच्छे से खेलें और सफलता प्राप्त करें। इस अवसर पर संयुक्त संचालक लोक शिक्षण शत्रुंजय प्रताप सिंह, जिला शिक्षा अधिकारी अरविंद जैन, एसजीएफआई के लाइक अहमद खान, जिला खेल अधिकारी संजय दादर सहित समस्त राज्यों के प्रीतिभागी खिलाड़ी, बड़ी संख्या में नागरिक, छात्र-छात्राएं मौजूद थे। स्वागत भाषण एवं प्रतियोगिता का प्रतिवेदन प्रस्तुत करते हुए संयुक्त संचालक लोक शिक्षण सागर संभाग शत्रुंजय प्रताप सिंह ने कहा कि प्रतियोगिता में 400 से अधिक 14 वर्ष की बालक—बालिका भाग ले रहे हैं एवं 100 से अधिक ऑफिसर भी शामिल हो रहे हैं। प्रतियोगिता के सभी मैच 25 तारीख से 29 नवंबर तक सिटी स्टेडियम नगर निगम, खेल परिसर एवं ज्ञानोदय आवासीय विद्यालय में आयोजित किए जाएंगे।

बाइक की डिक्की से डेढ़ लाख चोरी करने वाला गिरफ्तार

बैंक से रकम निकालकर मोटरसाइकिल में रखी थी, रहली पुलिस ने आरोपी से चोरी की राशि बरामद की

नईदुनिया प्रतिनिधि, सागर: सागर जिले की रहली थाना पुलिस ने मोटरसाइकिल की डिक्की से डेढ़ लाख रुपये नकद चोरी करने के मामले में आरोपी को छतरपुर से गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान अनुराग पिता सुखदेव सिसोदिया (21), निवासी कंचनपुर, थाना चंदला, जिला छतरपुर के रूप में हुई है। पुलिस आरोपी को सागर लाकर पूछताछ कर रही है।

पुलिस के अनुसार, 8 अक्टूबर को ग्राम पटना बुजुर्ग निवासी ओंकार पिता दुर्गा प्रसाद रजक (36) ने रहली थाने में चोरी की शिकायत दर्ज कराई थी। उन्होंने बताया कि भारतीय स्टेट बैंक की रहली शाखा से डेढ़ लाख रुपये निकालने के बाद रकम मोटरसाइकिल की डिक्की में रखी थी।

इसके बाद उन्होंने रहली बस स्टैंड स्थित मुकेश खटीक की फल दुकान के सामने मोटरसाइकिल खड़ी की। इसी दौरान अज्ञात व्यक्ति डिक्की से नकदी चोरी कर ले गया।

शिकायत के आधार पर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू की। पुलिस टीम ने घटनास्थल और आसपास लगे निगरानी कैमरों के चित्रों की जांच की तथा तकनीकी साक्ष्य जुटाए। प्राप्त जानकारी और साक्ष्यों को आसपास के थानों, छतरपुर और सीमावर्ती जिलों की पुलिस इकाइयों के साथ साझा किया गया।

जांच के दौरान पता चला कि चोरी की घटना में संदिग्ध आरोपी छतरपुर जिले में भी चोरी सहित अन्य अपराधों में संलिप्त है। छतरपुर पुलिस ने उसे एक अन्य मामले में गिरफ्तार किया था।

पुणे ट्रेन की मांग को लेकर सांसद को ज्ञापन सौंपा



नईदुनिया प्रतिनिधि, सागर। एकता समिति ने बीना -कटनी होकर पुणे के लिए ट्रेन चलाने की मांग को लेकर वरिष्ठ भाजपा नेता, सांसद रजनीश अग्रवाल से भेंट कर रेलमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा।

समिति प्रतिनिधि मंडल ने ज्ञापन में कहा कि बुंदेलखंड अंचल के हजारों परिवार आईटी हब पुणे में कार्यरत हैं, अभी डायरेक्ट ट्रेन नं होने से आने - जाने में भारी परेशानी का सामना करना पड़ता है। पुणे के लिए कटनी, बीना भोपाल होकर अनेक ट्रेन चल रही है। रेलवे बीना-कटनी रूट की अनदेखी कर रहा है। सांसद अग्रवाल ने मांग पर सहमति व्यक्त करते हुए कहा कि इस मामले में शीघ्र कार्रवाई होगी। इस अवसर पर अध्यक्ष सुधीर जैन, शरद गुप्ता, राजेन्द्र मलैया, कमल चंद जैन, राजेन्द्र सोनी मौजूद रहे।

जयंती की पूर्व संध्या पर कार्यक्रमः डॉ.गौर को युवा कांग्रेस ने भारत रत्न देने 'एक मांग-एक संकल्प' के साथ बुलंद की आवाज

नईदुनिया प्रतिनिधि, सागर। संविधान दिवस एवं बुंदेलखंड के महान सपूत,प्रख्यात शिक्षाविद्, सागर विश्व विद्यालय के संस्थापक डॉ.सर हरि सिंह गौर साहब की जयंती की पूर्व संध्या पर युवा कांग्रेस नरयावली विधानसभा के तत्वावधान में डॉ.गौर साहब को भारत रत्न दिये जाने की मांग को लेकर एक मांग एक संकल्प% कार्यक्रम का आयोजन स्थानीय सदर कबूला पुल स्थित डॉ. गौर साहब की प्रतिमा स्थल पर मध्य प्रदेश शासन के पूर्व मंत्री सुरेन्द्र चौधरी,जिला ग्रामीण कांग्रेस के अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह मोहासा,मध्य प्रदेश युवा कांग्रेस के वरिष्ठ उपाध्यक्ष अभिषेक परमार की मुख्य उपस्थिति में किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत में डॉक्टर सर हरि सिंह गौर साहब की प्रतिमा पर माल्यर्पण कर श्रद्धा सुमन अर्पित करते हुए एक मांग - एक संकल्प के साथ डॉ.सर हरि सिंह गौर साहब को भारत रत्न देने की पुरजोर मांग उठाई। इस दौरान वरिष्ठ कांग्रेस नेता एवं पूर्व मंत्री सुरेन्द्र चौधरी ने कहा कि डॉ.गौर साहब महान शिक्षाविद् होने के साथ-साथ विधि और न्याय के क्षेत्र में भी अद्वितीय योगदान देने वाले व्यक्तित्व थे।देश की आने वाली पीढ़ियों को उनके योगदान से परिचित कराने के साथ उन्हें



भारत रत्न मिलनें तक हम संघर्षरत रहेंगे।जिला ग्रामीण कांग्रेस अध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह मोहासा ने कहा कि डॉ.गौर साहब केवल बुंदेलखंड ही नहीं,बल्कि संपूर्ण देश की अमूल्य धरोहर हैं।उन्होंने शिक्षा के माध्यम से समाज को नई दिशा देने का ऐतिहासिक कार्य किया।कांग्रेस पार्टी इस मांग को जन-जन तक पहुंचाने और डॉ.गौर साहब को भारत रत्न दिलाने के लिए निरंतर आवाज बुलंद करती रहेंगी मध्यप्रदेश युवा कांग्रेस के वरिष्ठ उपाध्यक्ष अभिषेक परमार ने कहा कि डॉ.सर हरिसिंह गौर साहब का व्यक्तित्व और कृतित्व पूरे देश के लिए प्रेरणास्रोत है।उन्होंने शिक्षा के क्षेत्र में अपना संपूर्ण जीवन समर्पित कर बुंदेलखंड को देश-दुनिया में एक विशिष्ट पहचान दिलाई। ऐसे महान शिक्षाविद् और राष्ट्रनिर्माता को भारत रत्न से सम्मानित करना उनके प्रति सच्ची श्रद्धांजलि होगी।कार्यक्रम में

जिला ग्रामीण कांग्रेस के संगठन महामंत्री आशीष ज्योतिषी,जिला कांग्रेस के महामंत्री एवं प्रभारी युवा कांग्रेस अशरफ खान,युवा कांग्रेस जिला अध्यक्ष संदीप चौधरी,कार्यक्रम के आयोजक युवा कांग्रेस नरयावली के अध्यक्ष रोहित वर्मा आदि ने डॉ.गौर साहब को भारत रत्न देने की पुरजोर मांग उठाई।कार्यक्रम का संचालन एडवोकेट निखिल चौकसे ने किया अंत में आभार युवा कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष समीर मकरानी ने माना।कार्यक्रम में मुख्य रूप से ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष द्वय रवि उमाहिया,देवेंद्र कुर्मी,वरिष्ठ नेता राकेश राय, सेवादल प्रदेश महामंत्री विजय साहू,सेवादल अध्यक्ष सिंटू कटारे,पूर्व ब्लाक अध्यक्ष सुरेंद्र सिंह चावड़ा,गुरमीत सिंह मौजूद थे।

स्पेशल खबर रोजगार और महिला सशक्ति करण में ऐतिहासिक वृद्धि

50 करोड़ भारतीयों का गरीबी से बाहर निकलना मोदी सरकार के सुशासन व सशक्तिकरण की बड़ी उपलब्धिः भूपेन्द्र सिंह

नईदुनिया प्रतिनिधि, सागर। पूर्व गृहमंत्री एवं खुरई विधायक भूपेन्द्र सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के कुशल नेतृत्व में देश के लगभग 50 करोड़ लोगों का गरीबी रेखा से बाहर आना भारत की आर्थिक प्रगति और करोड़ों परिवारों के जीवन में आए क्रांतिकारी बदलाव का प्रत्यक्ष प्रमाण है। उन्होंने कहा कि वर्ष 2014 से केंद्र सरकार ने गरीबी उन्मूलन को केवल तात्कालिक आर्थिक सहायता तक सीमित न रखकर गरीब व्यक्ति के स्वाभिमान, बुनियादी सुविधा और आत्मनिर्भरता को अपनी सर्वोच्च प्राथमिकता बनाया है। खुद प्रधानमंत्री मोदी ने इस उपलब्धि को पिछले एक हजार वर्षों के इतिहास की सबसे बड़ी उपलब्धियों में से एक बताया है।

भूपेन्द्र सिंह ने कहा कि मोदी सरकार ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय के %अंत्योदय% सिद्धांत से प्रेरित होकर विकास का लाभ समाज की अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति तक पहुंचाया है। अंत्योदय का मूल विचार ही यही है कि सरकारी योजनाओं में सबसे पहला अधिकार उसका हो,



जिसे इसकी सर्वाधिक आवश्यकता है। इसी सोच के तहत %प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना% के माध्यम से देश के लगभग 81.35 करोड़ लोगों को मुफ्त राशन उपलब्ध कराया जा रहा है। इससे गरीब परिवारों को भोजन की चिंता से बड़ी राहत मिली है और वे अपनी सीमित आय का उपयोग बच्चों की बेहतर पढ़ाई, स्वास्थ्य व अन्य आवश्यक जरूरतों पर कर पा रहे हैं।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजनाने गरीबों के पक्के मकान के सपने को साकार किया है। उज्ज्वला योजना ने महिलाओं को धुएं से मुक्ति दिलाकर स्वच्छ ईंधन दिया, जबकि स्वच्छ भारत मिशन के तहत बने शौचालयों ने महिलाओं की गरिमा, स्वास्थ्य और सुरक्षा सुनिश्चित की है। वहीं, जल जीवन मिशन के जरिए मार्च 2026 तक देश के 15.82 करोड़ ग्रामीण घरों तक नल से शुद्ध जल पहुंचाया जा चुका है। जनधन योजना ने देश के वंचितों, दलितों, आदिवासियों और महिलाओं को पहली बार देश की मुख्यधारा की बैंकिंग व्यवस्था से जोड़ा है, जिससे अब सभी सरकारी योजनाओं का लाभ बिना किसी बिचौलिए के सीधे उनके खातों में पहुंच रहा है।

पूर्व गृहमंत्री ने बताया कि गरीबी में कमी के साथ-साथ देश में रोजगार और महिलाओं की आर्थिक भागीदारी में भी अभूतपूर्व बढ़ोतरी हुई है। भारतीय रिजर्व बैंक के चक्रवर्ती डेटाबेस के अनुसार, वर्ष 2017-18 में देश में कुल रोजगार प्राप्त लोगों की संख्या 47.5 करोड़ थी, जो 2023-24 में बढ़कर 64.33 करोड़ हो गई। ग्रामीण महिलाओं को स्वावलंबी बनाने के लिए चलाए जा रहे %लखपति दीदी अभियान% के तहत जून 2026 तक 3.76 करोड़ ग्रामीण महिलाओं को आर्थिक रूप से सक्षम बनाया जा चुका है। इससे महिलाओं का आत्मविश्वास बढ़ा है और परिवार के आर्थिक निर्णयों में उनकी भूमिका मजबूत हुई है।

भूपेन्द्र सिंह ने कहा कि विश्व बैंक की अक्टूबर 2026 की रिपोर्ट ने भी माना है कि भारत में मजबूत घरेलू उपभोग, बढ़ते रोजगार और खाद्य सब्सिडी जैसी सामाजिक सुरक्षा योजनाओं के कारण गरीबी में ऐतिहासिक गिरावट आई है। आईएमएफ के पूर्व निदेशक और प्रख्यात अर्थशास्त्री सुरजीत भल्ला ने विश्व बैंक के इन आंकड़ों को 'गोल्ड स्टैंडर्ड' बताया है। वहीं, इंस्टीट्यूट फॉर कॉम्पिटिटिवनेस इंडिया के अध्यक्ष डॉ. अमित कपूर के अनुसार, यह उपलब्धि देश की आंतरिक मांग को नई ताकत देगी। जब कोई परिवार गरीबी से बाहर आता है, तो उसका सकारात्मक प्रभाव केवल वर्तमान तक सीमित नहीं रहता, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के लिए भी उज्ज्वल भविष्य के रास्ते खोलता है।

भूपेन्द्र सिंह ने कहा कि 50 करोड़ लोगों का गरीबी से उबरना महज एक आंकड़ा नहीं, बल्कि विकसित भारत 2047 के संकल्प की मजबूत नींव है। आज दुनिया के कई विकसित देश भारत के डिजिटल पब्लिक इंफ्रास्ट्रक्चर और विशाल योजनाओं के क्रियान्वयन की कार्यकुशलता का अध्ययन कर रहे हैं। भारत ने लोकतांत्रिक मूल्यों के भीतर रहते हुए तेज आर्थिक विकास और सामाजिक बदलाव का अनूठा उदाहरण पेश किया है। जब गरीब, किसान, मजदूर, महिला और युवा विकास की मुख्यधारा में मजबूती से खड़े होंगे, तभी विकसित भारत का सपना साकार होगा।